Top 100+ Polity Questions for NDA 2020 Exam

1.भारत की संसद के बारे में, निम्नलिखित में से क्या सही नहीं है?

A. राष्ट्रपति, लोक सभा और राज्य सभा से संसद बनती है
B. लोक सभा में मनोनीत सदस्य नहीं होते हैं
C. राज्य सभा को भंग नहीं किया जा सकता है
D. राज्य सभा के कुछ सदस्य राष्ट्रपति द्वारा नामनिर्देशित (मनोनीत) होते हैं

2.भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक (CAG) के संबंध में, निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही नहीं है?

A. उसकी नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है
B. उसे भारत के उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश की भांति ही पद से हटाया जा सकता है
C. CAG का कार्यकाल समाप्त हो जाने के बाद भी, वह भारत सरकार के अधीन पद पर आगे और बने रहने के लिए पात्र होता है
D. CAG का वेतन भारत की संचित निधि से दिया जाता है

3.भारत में निरवाचनों का अधीक्षण, निदेशन और नियंत्रण, किसमें निहित है?

A. भारत का उच्चतम न्यायालय
B. भारत की संसद
C. भारत निर्वाचन आयोग
D. मुख्य निर्वाचन आयुक्त

4.भारत के संविधान के निम्नलिखित उपबन्ध/उपबन्धों में से कौन सा/से 26 नवंबर 1949 से प्रभावी हुआ/हुए?

1. निर्वाचन

2. नागरिकता

3. आपात उपबन्ध

4. न्यायाधीशों की नियुक्ति

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. 1, 2 और 3
D. 2 और 4

5.निम्नलिखित में से कौन, 'बचपन बचाओं आंदोलन' का संस्थापक है?

A. शांता सिन्हा
B. कैलाश सत्यार्थी
C. अरुणा रॉय
D. अनिल अग्रवाल

6.लोकपाल विधेयक, 2013 के विषय में, जिसे राष्ट्रपति द्वारा 1 जनवरी, 2014 को अनुमति प्रदान की गयी थी, निम्नलिखित में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1) लोक कृत्यकारियों के विरुद्द, जिसमें प्रधानमंत्री, मंत्री तथा संसद सदस्य शामिल हैं, भ्रष्टाचार के आरोपों की जाँच-पड़ताल हेतु उत्कोच-रोधी लोकपाल (ओम्बड्समैन) का उपबंध किया गया है |

2) यह विधेयक राज्यों के लिए यह आवश्यक बनाता है कि वे एक वर्ष के भीतर लोकपाल विधेयक के अनुरूप लोकायुक्त स्थापित करने हेतु अपने कानून बनाएँ |

3) राज्य यदि ऐसा न करना चाहें, तो वे लोकायुक्त स्थापित न करने के लिए स्वतंत्र हैं |

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए |

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

7.भारत के संविधान का अनुच्छेद 46 किनके शैक्षिक और आर्थिक हितों के प्रोत्साहन का उल्लेख करता है?

A. धार्मिक अल्पसंख्यकों के
B. अनुसूचित जतियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य कमजोर वर्गों के
C. बड़ी सिंचाई परियोजनाओं से विस्थापित व्यक्तियों के
D. आर्थिक रूप से वंचितों के

8.स्वतंत्र भारत के प्रथम मंत्रीमण्डल में शिक्षा मंत्री कौन थे?

A. सर्वपल्ली राधाकृष्णन
B. सरदार वल्लभभाई पटेल
C. मौलाना अबुल कलाम आजाद
D. आचार्य नरेंद्र देव

9.निम्नलिखित में से कौन-सा विधान परिषद के गठन के संबंध में सही है?

A. राज्य विधान परिषद के निर्माण और उन्मूलन की शक्ति भारत के संसद में अनुच्छेद 168 के अनुसार निहित है।
B. परिषद निर्माण के लिए, राज्य विधानसभा को एक प्रस्ताव पारित करना होगा जो विशेष बहुमत द्वारा पारित किया जाता है।
C. कोई भी भारतीय नागरिक जिसकी आयु कम से कम 30 वर्ष है, विधान परिषद की सदस्यता के लिए योग्य है।
D. विधान परिषद में, लगभग एक-चौथाई सदस्य राज्यपाल द्वारा नामित किए जाते हैं।

10.निम्नलिखित में से कौन सी एजेन्सी भारत में खाद्य सुरक्षा पर कानून प्रवर्तित करती है?

A. FDA
B. WHO
C. FSSAI
D. FAO

11.आंतकवाद, विद्रोहम सांप्रदायिकता व जाति हिंसा की चुनौतियों से निपटने के लिए भारत के निम्न में से किस राज्य ने, हाल ही में प्रथम आंतरिक सुरक्षा अधिनियम बनाने का प्रस्ताव किया है?

A. महाराष्ट्र
B. गुजरात

C. उत्तर प्रदेश
D. छतीसगढ़

12.धन विधेयक के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा एक सही है?

A. किसी विधेयक को धन विधेयक सभी माना जायेगा जब उसमें अर्थदंडो अथवा शास्तियों के अधिरोपण का उपबंध हो
B. धन विधेयक राज्य सभा में पुर स्थापित किया जायेगा
C. राज्य सभा धन विधेयक को नामंजूर कर सकती है
D. यदि इसके बारे में कोई विवाद खड़ा हो, तो लोक सभा अध्यक्ष ही अंतत: निर्णय करता है कि कोई विधेयक धन विधेयक है

13.निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारत का संविधान संसद को, साधारण बहुमत से कोई संकल्प पारित कर नए राज्यों का निर्माण तथा वर्तमान राज्यों के क्षेत्रों, सीमाओं या नामों में परिवर्तन करने की शक्ति प्रदान करता है |

2. भारत के संविधान के अनुच्छेद 370 के अधीन जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा (स्टेट्स) दिया गया है |

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 न ही 2

14.निर्वाचन आयोग किसी राजनितिक दल को एक राष्ट्रीय दल के रूप में मान्यता देता है, यदि

1. वह चार या अधिक राज्यों में लोक सभा या राज्य विधान सभाओं के लिए साधारण निर्वाचन में किए गए मतदान के कुल वैध मतों का कम-से-कम छह प्रतिशत मत प्राप्त करे |

2. वह लोक सभा के लिए साधारण निर्वाचन में किसी राज्य या किन्हीं राज्यों से कम-से-कम चार सीटों पर जीत हासिल करे |

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 न ही 2

15.निम्नलिखित में से कौन-से एक राष्ट्र ने सितम्बर 2015 में अपना पहला लोकतन्त्रात्मक संविधान अपनाया?

A. भूटान
B. म्यांमार
C. नेपाल
D. सिंगापुर

16.गवर्नर जनरल का प्रतिनिधि ब्रिटिश अधिकारी जो ऐसे राज्य में रहता था जो कि प्रत्यक्ष ब्रिटिश शासन के अधीन नहीं था, क्या कहलाता था?

A. कलक्टर
B. वाइसराय
C. रेजिडेंट
D. एजेंट

17.भारत के संविधान के नवें भाग के अधीन पंचायती राज व्यवस्था किन राज्यों को लागू नहीं होती?

A. असम, मिजोरम तथा नागालैंड
B. नागालैंड, मेघालय तथा त्रिपुरा
C. नागालैंड, मेघालय तथा मिजोरम
D. सिक्किम, त्रिपुरा तथा मेघालय

18.निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

A. राज्य सभा का पीठासीन अधिकारी प्रति वर्ष निर्वाचित होता है
B. राज्य सभा का पीठासीन अधिकारी 5 वर्ष की अवधि के लिए निर्वाचित होता है
C. राज्य सभा का पीठासीन अधिकारी 6 वर्ष की अवधि के लिए निर्वाचित होता है
D. भारत का उपराष्ट्रपति राज्य सभा का पदेन पीठासीन अधिकारी होता है

19.इनमें से कौन भारत के संविधान की प्रारूपण समिति का सदस्य नहीं था?

A. बी० आर० अम्बेडकर
B. के० एम० मुंशी
C. कृष्णास्वामी अय्यर
D. एम० के० गाँधी

20.निम्नलिखित में से कौन-सा एक संघीय प्रणाली का अभिलक्षण नहीं है?

A. इसमें सरकार के दो सुस्पष्ट स्तर होते हैं
B. सरकार के प्रत्येक स्तर की जिम्मेदारियां और शक्तियां एक लिखित संविधान में सुस्पष्टतय निर्धारित होती है
C. सरकार की विधायी और कार्यपालिका शाखाओं के बीच शक्तियों का कोई पृथककरण नहीं होता
D. उचतम न्यायालय को इन उपबंधों के निर्वचन और विवाद के मामलों के माध्यस्थम की जिम्मेदारी सौपी गई है

21.अनुसूचित जातियाँ और अनुसूचित जनजातियाँ (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 को निम्नलिखित में से कौन-से मूल अधिकारों को प्रभावी करने वाले के रूप में देखा जा सकता है?

1) विधि के समक्ष समता

2) विभेद के विरुद्द अधिकार

3) अस्प्रश्यता का अंत

4) धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए |

A. केवल 1, 2 और 3
B. केवल 2 और 3
C. केवल 2, 3 और 4
D. 1, 2, 3 और 4

22.राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर निम्नलिखित में से कौन-से अधिनियम के अधीन बनाया जा रहा है?

A. 2004 में यथासंशोधित भारतीय नागरिकता अधिनियम, 1955
B. जनगणना अधिनियम, 1948
C. UID अधिनियम, 2010
D. उपर्युक्त में से कोई नहीं

23.संसद के किसी भी सदन का सदस्य न होने पर भी, निम्नलिखित में से कौन संसद के दोनों सदनों की बैठकों में उपस्थित हो सकता है?

A. भारत का महासॉलिसीटर
B. भारत के उप-राष्ट्रपति
C. भारत का नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक
D. भारत का महान्यायवादी

24.भारतीय संविधान के अनुच्छेद 352 में निम्न में से किससे सम्बंधित प्रावधान हैं?

A. आर्थिक आपातकाल
B. राज्यों में संवैधानिक मशीनरी की विफलता
C. संविधान के भाग III में प्रदत्त अधिकारों के प्रवर्तन का निलंबन
D. सामान्य आपातकाल

25.निम्नलिखित में से किन शर्तों को पूरा करके कोई राजनीतिक दल, एक राष्ट्रीय दल के दर्जे का दावा कर सकता है?

1) लोकसभा अथवा राज्य विधानसभा के एक आम चुनाव में, किन्हीं चार या इससे अधिक राज्यों में डाले गये वैध मतों (वोटो) का कम से कम छः प्रतिशत (6%) प्राप्त होने पर

2) किसी राज्य अथवा राज्यों से लोकसभा की कम से कम चार सीटों पर विजय पाकर अथवा लोकसभा में कम से कम दो प्रतिशत (2%) सीटें जीतकर (अर्थात् 543 सदस्यों वाले मौजूदा सदन में 11 सीटें), और ये सदस्य कम से कम तीन विभिन्न राज्यों से निर्वाचित हों

3) दावा करने वाले दल को कम से कम दो राज्यों में प्रांतीय दल के रूप में मान्यता प्राप्त हो

4) इसका मुख्यालय नई दिल्ली में होना अनिवार्य है

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

A. 1, 2 और 3
B. 2 और 4
C. केवल 1 और 2
D. 1, 3 और 4

26.सूची I को सूची II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

सूची I

(भारत के संविधान के संशोधन)

A) 52 वाँ संशोधन अधिनियम, 1985

B) 73 वाँ संशोधन अधिनियम, 1992

C) 61 वाँ संशोधन अधिनियम, 1988

D) 86 वाँ संशोधन अधिनियम, 2006

सूची II (विषय)

1) मतदान आयु 21 वर्ष से कम करके 18 वर्ष करना

2) शिक्षा का अधिकार

3) पंचायती राज

4) दल-बदल के आधार पर अयोग्यता

A. 4 - 1 - 3 - 2
B. 4 - 3 - 1 - 2
C. 2 - 3 - 1 - 4
D. 2 - 1 - 3 – 4

27.भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक (CAG) के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. CAG, लोक लेखा समिति की बैठकों में भाग ले सकता है |

2. CAG, लोक सभा तथा राज्य सभा की बैठकों में भाग ले सकता है |

3. CAG की अधिकारिता संघ सरकार की शक्तियों के साथ सहविस्तृत है |

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 2
D. 1, 2 और 3

28.निम्नलिखित में से कौन-सा/से मौलिक कर्तव्यों से सम्बन्धित नहीं है/हैं?

1) हमारे राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन को प्रेरित करने वाले उदात्त आदर्शों को संजोए रखना तथा उनका अनुगमन करना

2) अपनी सामासिक संस्कृति की समृद्ध धरोहर का सम्मान करना तथा उसे संरक्षित करना

3) समाज के कमज़ोर वर्गों, विशेषत: अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों, के शैक्षणिक तथा आर्थिक हितों को बढ़ावा देना

4) ऐतिहासिक रूचि के तथा राष्ट्रीय महत्व के सभी स्मारकों का संरक्षण करना

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए |

A. 1 और 2
B. 2 और 3
C. 3 और 4
D. केवल 4

29.भारत का संविधान अपने सभी नागरिकों को धर्म की स्वतंत्रता का मूल अधिकार प्रतिभूत करता है | इस अधिकार के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा सही नहीं है?

A. यह अंत:करण की स्वतंत्रता और किसी भी धर्म के मानने, आचरण करने और प्रचार करने की स्वतंत्रता देता है
B. यह धार्मिक और पुर्त प्रयोजनों के लिए संस्थानों की स्थापना और पोषण की स्वतंत्रता देता है
C. यह अधिकार लोक व्यवस्था, सदाचार और स्वास्थ्य के अधीन है
D. राज्य कोई भी ऐसा कानून नहीं बना सकता जो नागरिकों के इस अधिकार का निराकरण करे

30.भारत के संविधान के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1) एक संसद सदस्य, संसद में अभिव्यक्ति की स्वतंत्र का उपयोग, भारत के संविधान द्वारा संरक्षित एक संसदीय विशेषाधिकार के रूप में करता है |

2) संविधान ने संविधान को संशोधित करने की शक्ति संसद में निहित की है |

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 न ही 2

31.भारत में संघ कार्यपालिका के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा एक सही है?

A. भारत के संविधान के अनुसार, मंत्री-परिषद् के सदस्यों की कुल संख्या, लोक सभा के सदस्यों की कुल संख्या के 20% से अधिक नहीं हो सकती
B. विभिन्न मंत्रियों की श्रेणी (रैंक) का निर्धारण राष्ट्रपति द्वारा किया जाता है
C. मंत्रियों की नियुक्ति प्रधान मंत्री की सलाह पर, राष्ट्रपति द्वारा की जाती है
D. संसद के किसी एक सदन के सदस्य को ही मंत्री के रूप में नियुक्त किया जा सकता है

32.भारत के संविधान की अनुसूची तथा उसके विषय के निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा एक सही सुमेलित नहीं है?

अनुसूची - विषय

A. आठवीं अनुसूची : भाषाएँ
B. दूसरी अनुसूची : शपथ या प्रतिज्ञान के प्रारूप
C. चौथी अनुसूची : राज्य सभा में स्थानों का आबंटन
D. दसवीं अनुसूची : दल-बदल के आधार पर निरर्हता के बारे में उपबंध

33.लोक सभा का अध्यक्ष किसको संबोधित लेख द्वारा अपना पद त्याग सकेगा?

A. भारत का राष्ट्रपति
B. भारत का प्रधान मंत्री
C. भारत का उप-राष्ट्रपति
D. लोक सभा का उपाध्यक्ष

34.निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. संशोधन कार्यविधि भारत के संविधान के अनुच्छेद 368 में उपबंधित की गई है |

2. भारत के संविधान के सभी संशोधनों के लिए राज्यों की सहमति अनिवार्य है |

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 न ही 2

35.भारत के संविधान के अनुच्छेद 352 के अधीन आपात की घोषणा केवल किसके दौरान हो सकती है?

A. युद्ध, बाह्य आक्रमण या आंतरिक अशांति
B. युद्ध, बाह्य आक्रमण या सशस्त्र विद्रोह
C. राज्यों में संविधानिक तंत्र की विफलता
D. देश में वित्तीय अस्थिरता

36.भारत के संविधान की चौथी अनुसूची किससे संबंध रखती है?

A. जनजातीय क्षेत्रों के प्रशासन से संबंधित उपबंध
B. राज्यसभा में सीटों का आबंटन
C. संघ सूची, राज्य सूची एवं समवर्ती सूची
D. भारत के संघ की मान्यताप्राप्त भाषाएं

37.निम्नलिखित में से कौन सी, भारत के संविधान की आधारभूत विशेषता नहीं है?

A. मूल अधिकार
B. न्यायपालिका की स्वतंत्रता
C. परिसंघवाद (फेडरेलिज्म)
D. संविधान के किसी भी भाग का संशोधन करने की संसद की निर्विवाद शक्ति

38.भारत के राष्ट्रपति के निर्वाचन से संबंधित निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. पैंतीस वर्ष की आयु से ऊपर का कोई व्यक्ति भारत के राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचन के लिए पात्र है |

2. भारत का राष्ट्रपति एक से अधिक अवधि के लिए पुनर्निर्वाचन का पात्र है |

3. कोई व्यक्ति यदि लाभ का पद धारण करता है, तो वह भारत के राष्ट्रपति के लिए निर्वाचन का पात्र नहीं है |

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. 1, 2 और 3
D. केवल 3

39.भारत का राष्ट्रपति आपातकाल की उद्घोषणा

A. प्रधानमंत्री की सलाह पर कर सकता है
B. मंत्रिपरिषद की सलाह पर कर सकता है
C. अपने विवेक पर कर सकता है
D. तब कर सकता है, जब ऐसी उद्घोषणा करने के लिए संघ के मंत्रिमंडल का निर्णय उसे लिखित रूप में संसूचित किया गया हो

40.भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के अधीन य्थाप्रत्याभुत प्राण और दैहिक स्वतंत्रता के मूल अधिकार के लिए निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

1) यह अधिकार नागरिकों एवं अन्यदेशियों को भी उपलब्ध है |

2) इसमें स्वेच्छाचारी कार्यपालिका एवं विधायी करवाई से संरक्षण का समावेश है |

3) इसमें मानवीय गरिमा के साथ जीने का अधिकार सम्मिलित है |

4. इसे विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया के अनुसार छीना जा सकता है |

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए |

A. केवल 1, 2 और 3
B. केवल 2, 3 और 4
C. 1, 2, 3 और 4
D. केवल 1 और 4

41.भारत के संविधान की 11वीं अनुसूची द्वारा पंचायती राज संस्थाओं को न्यागत किया गया एक विषय, निम्नलिखित में से कौन-सा नहीं है?

A. गैर-पारम्परिक ऊर्जा संसाधन
B. सड़कें
C. उच्च शिक्षा
D. पुस्तकालय

42.निम्नलिखित का मिलान करें।

1) अनुच्छेद 17	a. समानता का अधिकार
2) अनुच्छेद 29	b. स्वतंत्रता का अधिकार
3) अनुच्छेद 19	c. शोषण के खिलाफ अधिकार
4) अनुच्छेद 24	d. सांस्कृतिक और शैक्षिक अधिकार

सही कूट का चयन करे-

A. 1-a, 2-c, 3-b, 4-d
B. 1-b, 2-a, 3-d, 4-c
C. 1-b, 2-c, 3-d, 4-a
D. 1-a, 2-d, 3-b, 4-c

43.निम्नलिखित में से किस मामले में, 'बुनियादी संरचना का सिद्धांत' निर्धारित किया गया था?

A. मिनर्वा मिल्स केस
B. शंकरी प्रसाद केस
C. केशवानंद भारती केस
D. गोलक नाथ केस

44.निम्न में से कौन भारत के संविधान के तहत एक मौलिक अधिकार **नहीं** है?

A. समानता का अधिकार
B. स्वतंत्रता का अधिकार
C. नागरिकता का अधिकार

D. शोषण के खिलाफ अधिकार

45.निम्न में से कौन भारत के संविधान में निर्दिष्ट राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांतों का हिस्सा नहीं है?

A. समान न्याय और मुफ्त कानूनी सहायता
B. राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों और स्थानों और वस्तुओं का संरक्षण
C. व्यक्तिगत कानून का संरक्षण
D. कार्यपालिका से न्यायपालिका का पृथक्करण

46.निम्न में से किस संशोधन अधिनियम के तहत 'समाजवादी' शब्द को भारत के संविधान की प्रस्तावना में डाला गया था?

A. 41वां संशोधन अधिनियम
B. 42वाँ संशोधन अधिनियम
C. 43वाँ संशोधन अधिनियम
D. 44 वाँ संशोधन अधिनियम

47.निम्न में से कौन उत्तर पूर्वी परिषद का पदेन अध्यक्ष होता है?

A. भारत के राष्ट्रपति
B. भारत के प्रधानमंत्री
C. केंद्रीय गृह मंत्री
D. केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय

48.किसी निर्वाचन आयुक्त को किसकी संस्तुति पर पद से हटाया जा सकता है?

A. भारत का मुख्य न्यायमूर्ति
B. मुख्य निर्वाचन आयुक्त
C. भारत का राष्ट्रपति
D. संसद

49.राज्य सभा के विषय में निम्नलिखित में सेकौनसा कथन सही नहीं है?

A. इसके सदस्यों का निर्वाचन किसी राज्य की विधान सभा के निर्वाचित सदस्यों द्वारा किया जाता है
B. निर्वाचन, आनुपातिक प्रतिनिधित्व पद्धति के अनुसार एकल अंतरणीय वोट (मत) विधि द्वारा किया जाता है
C. इसके एक तिहाई सदस्य प्रत्येक दो वर्ष के बाद सेवा-निवृत हो जाते हैं
D. यह एक स्थायी निकाय है, किन्तु राष्ट्रपति द्वारा इसे पहले भी विघटित किया जा सकता है

50.निम्नलिखित मूल अधिकारों में से कौन-सा एक, भारत के नागरिकों के पास नहीं है?

A. भारत के किसी भाग में निवास करने और बस जाने का अधिकार
B. संपत्ति अर्जन, धारण और व्ययन का अधिकार
C. कोई वृत्ति करने का अधिकार
D. सहकारी समितियाँ बनाने का अधिकार

51.'पंथनिरपेक्ष' शब्द भारत के संविधान में किस संशोधन अधिनियम द्वारा अंत: स्थापित किया गया था?

A. 44 वां संशोधन अधिनियम
B. 52 वां संशोधन अधिनियम
C. 42 वां संशोधन अधिनियम
D. 34 वां संशोधन अधिनियम

52.भारत के संविधान के दो उपबंध जो सर्वाधिक स्पष्ट रूप से न्यायिक पुर्न्वर्विलोकन की शक्ति को व्यक्त करते हैं, कौनसे हैं?

A. अनुच्छेद 21 तथा अनुच्छेद 446
B. अनुच्छेद 32 तथा अनुच्छेद 226
C. अनुच्छेद 44 तथा अनुच्छेद 152
D. अनुच्छेद 17 तथा अनुच्छेद 143

53.भारत के संविधान के अधीन निम्नलिखित में से कौन सा/से मूल अधिकार नहीं है/हैं?

1) शिक्षा पाने का अधिकार

2) काम पाने का अधिकार

3) संगम बनाने का अधिकार

4) कोई वृत्ति करने का अधिकार

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

A. 1 और 2
B. 2 और 4
C. केवल 2
D. 1 और 3

54.भारत के संविधान कि पाँचवी अनुसूची के उपबंध, किन राज्यों के अनुसूचित क्षेत्रों और अनुसूचित जंजातियों के प्रशासन और नियंत्रण हेतु लागू नहीं होगे?

1) छत्तीसगढ़, झारखंड और ओड़ीशा

2) असम और त्रिपुरा

3) मेघालय और मिज़ोरम

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

55.निम्नलिखित में से कौन सी, संविधान (73 वां संशोधन) अधिनियम की आधारभूत विशेषताएँ है?

1) ग्राम, मध्यवर्ती और जिला स्तरों पर पंचायतों की त्रि-स्तरीय संरचना का उपबंध |

2) अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों और महिलाओं के लिए पंचायतों के सभी स्तरों पर स्थानों का आरक्षण |

3) राज्य निर्वाचन आयोगों के नेतृत्व में पंचायतों के लिए निर्वाचन

4) संविधान में ग्यारहवीं अनुसूची का पुर:स्थापन |

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

A. केवल 1, 2 और 3
B. केवल 3 और 4
C. 1, 2, 3 और 4
D. केवल 2 और 4

a

56.निम्नलिखित में से कौन सा, एक मूल कर्तव्य नहीं है?

A. भारत के संविधान का पालन करना और राष्ट्र ध्वज और राष्ट्र गान का आदर करना
B. सार्वजनिक संपति को सुरक्षित रखना
C. भारत की प्रभुता, एकता और अखंडता की रक्षा करना
D. अनिवार्य सैन्य सेवा प्रदान करना

57.भारत के संविधान का अनुच्छेद 368 किस के संबंध में है?

A. संविधान का संशोधन करने की भारत की संसद की शक्ति
B. वित्तीय आपात
C. लोक सभा में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए स्थानों का आरक्षण
D. भारत संघ की राजभाषा

58.भारत की संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठकें किसलिए आयोजित की जाती है?

A. भारत के राष्ट्रपति को निर्वाचित करने के लिए
B. भारत के उपराष्ट्रपति को निर्वाचित करने के लिए
C. संविधान संशोधन विधेयक को अंगीकार करने के लिए
D. उस विधेयक पर विचार करने तथा उसे पारित करने के लिए जिस पर दोनों सदनों में

मतभेद हो

59.केंद्रीय सतर्कता आयोग की स्थापना निम्न समितियों में से किस की सिफारिश पर की गई थी?

A. संथानम समिति
B. दिनेश गोस्वामी समिति
C. तारकुंडे समिति
D. नरसिम्हम समिति

60.निम्नलिखित में से कौन सा एक गांधीवादी सिद्धांत नहीं है?

A. कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देना
B. दूध और सूखे के आभाव में जानवरों के वध पर रोक लगान
C. उद्योगों के प्रबंधन में भाग लेने के लिए श्रमिकों का अधिकार
D. राज्य 6 वर्ष की आयु पूरी होने तक सभी बच्चों को बचपन में देखभाल और शिक्षा प्रदान करने का प्रयास करेगा

61.भारत के संविधान के निम्नलिखित में से किस एक अनुच्छेद के अधीन मूल अधिकार की गारंटी केवल भारत के नागरिकों को उपलब्ध है?

A. अनुच्छेद 19
B. अनुच्छेद 20
C. अनुच्छेद 21
D. अनुच्छेद 22

62.भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची में क्या अंतर्विष्ट है?

A. जनजातीय क्षेत्रों के प्रशासन के बारे में उपबंध
B. संघ सूची, राज्य सूची और समवर्ती सूची
C. मान्यता प्राप्त भाषाओँ की सूची
D. दल परिवर्तन के आधार पर विधान-मंडलों के सदस्यों की निरर्हता के बारे में उपबंध

63.भारत के सर्वोच्च न्यायालय के प्रत्येक न्यायाधीश की नियुक्ति किसके द्वारा की जाती है?

A. सर्वोच्च न्यायलय कॉलेजियम
B. मंत्रिमंडल
C. भारत के राष्ट्रपति
D. लोक सभा

64.भारत के प्रधानमंत्री की निम्नलिखित शक्तियों में से कौन-सी भारत के संविधान में संहिताबद्ध है?

A. अन्य मंत्रियों की नियुक्ति के संबंध में राष्ट्रपति को सलाह देने की शक्ति
B. मंत्रियों के बीच व्यापार आवंटित करने की शक्ति
C. मंत्रिमंडल की बैठक बुलाने की शक्ति
D. एक मंत्री को एक विभाग से दूसरे विभाग में स्थानांतरित करने की शक्ति

65.73 वें संशोधन अधिनियम के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें -

1) इसमें प्रत्येक पंचायत में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के लिए कुल सीटों के दो-तिहाई आरक्षण का प्रावधान था।

2) अधिनियम में पंचायत क्षेत्र की कुल जनसंख्या के अनुसार अल्पसंख्यक और पिछड़े वर्गों के लिए सीटें आरक्षित की गई।

3) महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीट आरक्षित करने का प्रावधान था।

उपरोक्त कथनों में से कौन सा गलत है/हैं ?

A. उपर्युक्त सभी
B. 1 और 2
C. 2 और 3
D. केवल 2

66.संविधान के संशोधन के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें -

1) संविधान के भाग-XIX के अनुच्छेद 368 में संसद के संविधान में संशोधन करने के अधिकारों का उपबंध है।

2) संविधान संशोधन विधेयक संसद के किसी भी सदन में लाया जा सकता है।

3) एक प्राइवेट या निजी सदस्य संविधान संशोधन के लिए कोई विधेयक पेश नहीं कर सकता।

4) राष्ट्रपति को संविधान संशोधन विधेयक पर अपनी अनुमति देनी चाहिए।

उपरोक्त कथनों में से सही विकल्प चुनिए।

A. 2 और 4
B. 1, 2 और 4
C. 1 और 4
D. 1, 2 और 3

67.74वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम 1992 के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें-

1) भारतीय संविधान की 12वीं अनुसूची में नगर पालिका के अठारह कार्यात्मक विषय शामिल हैं।

2) इस अधिनियम के अनुसार नगर पालिकाओं की प्रणाली को अपनाने के लिए राज्य सरकार के संवैधानिक दायित्व का प्रावधान किया गया है।

3) नगर पालिका के सदस्यों को आंशिक रूप से निर्वाचित और आंशिक रूप से मनोनीत किया जाएगा।

4) संसद नगरपालिकाओं के चुनाव के लिए प्रावधान करेगी।

उपरोक्त में से गलत कथन चुनें-

A. 1 और 4
B. 3 और 4
C. 2 और 3

D. 1, 3 और 4

68.रिट के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन गलत है?

A. प्रतिषेध एक ऐसी रिट है जो उच्च न्यायालय द्वारा निचली अदालत के अधिकार क्षेत्र में निष्क्रियता को लागू करने के लिए जारी किया जाता है।
B. ए.के. गोपालन बनाम भारत सरकार,1965 केस का परिणाम बन्दी-प्रत्यक्षीकरण याचिका से संबंधित है।
C. परमादेश को एक निजी व्यक्ति के खिलाफ जारी किया जा सकता है।
D. उत्प्रेषण-लेख की रिट आम तौर पर निचली अदालत के फैसले को खारिज करने के लिए होती है।

69.संसद सदस्यों की अयोग्यता के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:

1) भारतीय चुनाव आयोग (ECI) की सलाह संसद और राज्य विधानसभाओं के सदस्यों के चुनाव के बाद अयोग्य ठहराए जाने के मामले में राष्ट्रपति के लिए बाध्यकारी है।

2) अनुच्छेद 102 के अलावा, संविधान की दसवीं अनुसूची में संसद सदस्यों (सांसदों) को अयोग्य ठहराने का भी प्रावधान है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा सही है / हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. दोनों सही हैं
D. दोनों गलत हैं

70.संविधान के किस अनुच्छेद में, वर्ष का केंद्रीय बजट AFS (वार्षिक वित्तीय विवरण) के रूप में माना जाता है??

A. अनुच्छेद 110
B. अनुच्छेद 111
C. अनुच्छेद 112
D. अनुच्छेद 113

71.दिए गए अनुच्छेदो में से कौन-सा नगर पालिकाओं की संरचना का प्रावधान करता है?

A. अनुच्छेद 243Q
B. अनुच्छेद 243R
C. अनुच्छेद 243S
D. इनमें से कोई नहीं

72.ई-गवर्नमेंट डेवलपमेंट इंडेक्स _____ द्वारा प्रस्तुत किया जाता है|

A. विश्व बैंक
B. संयुक्त राष्ट्र
C. विश्व आर्थिक मंच
D. नीति आयोग

73.कथन (A): प्रतिषेध किसी व्यक्ति विशेष के विरुद्ध जारी नहीं की जा सकती है।

तर्क (R): उच्च न्यायालय द्वारा निचली अदालत के अधिकार क्षेत्र में निष्क्रियता लागू करने हेतु प्रतिषेध जारी की जाती है।

कूट:

A. (A) और (R) दोनों अलग अलग सही हैं, और (R), (A) की सही व्याख्या है।
B. (A) और (R) दोनों अलग अलग सही हैं, परन्तु (R), (A) की गलत व्याख्या है।
C. (A) सही है, परन्तु (R) गलत है।
D. (A) गलत है, परन्तु (R) सही है।

74.संविधान सभा के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:

1) वर्ष 1935 में, एम. एन. रॉय पहले व्यक्ति थे जिन्होंने संविधान सभा के विचार का प्रस्ताव रखा था।

2) संविधान सभा के सदस्यों को अप्रत्यक्ष रूप से चुना गया था।

उपरोक्त कथनों में से कौन सा सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

75.निम्नलिखित में से कौन सा/सी ऐसी पारिस्थितियां हैं जहां साधारण बहुमत की अवधारणा का उपयोग किया जाता है?

1) वित्तीय आपातकाल को घोषित करने के लिए

2) लोकसभा के स्पीकर/अध्यक्ष का डिप्टी स्पीकर /उपाध्यक्ष के चुनाव के लिए

3) स्थगन प्रस्ताव पारित करने के लिए

सही कूट चुनें:

A. केवल 1
B. केवल 3
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

76.राज्यसभा के उप सभापति के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

A. अनुच्छेद 89 उप सभापति के संवैधानिक पद का प्रावधान करता हैं।
B. उप सभापति राज्य सभा के सभापति के अधीनस्थ होता है।
C. राज्यसभा, राज्यसभा और लोकसभा के सदस्यों के बीच से उप सभापति का चुनाव करती है।
D. उपराष्ट्रपति भारत के राष्ट्रपति को लिखित रूप से अपना त्यागपत्र देता है।

77.सरकार के अध्यक्षात्मक और संसदीय रूप के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:

1) सरकार के संसदीय रूप में शक्तियों का पृथक्करण होता है।

2) सरकार का अध्यक्षात्मक रूप स्थिर होता है, जबकि सरकार का संसदीय स्वरूप स्थिर नहीं है।

3) सरकार के अध्यक्षात्मक रूप में, विधायिका के बाहर के लोगों को कार्यकारी सदस्य के रूप में नियुक्त किया जा सकता है।

उपरोक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

78.दिए गए अनुच्छेदों में से कौन-सा धर्मनिरपेक्षता की अवधारणा से संबंधित है?

1) अनुच्छेद 15

2) अनुच्छेद 28

3) अनुच्छेद 325

नीचे दिए गए सही कूट का चयन करें:

A. केवल 1
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

79.दिए गए अंतर-राज्यीय नदी विवादों में से कौन-सा सही सुमेलित है/है?

नदियाँ - राज्य

1) महानदी - छत्तीसगढ़ और ओडिशा

2) पेरियार - केरल और कर्नाटक

3) वंशधारा - आंध्र प्रदेश और ओडिशा

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

80.संविधान के निम्नलिखित में से किन भागों में शिक्षा के बारे में उल्लेख किया गया है?

1) भाग IV

2) पंचायतें और नगर पालिकाएँ

3) पांचवी अनुसूची

4) बारहवीं अनुसूची

5) सातवीं अनुसूची

दिए गए कोड में से सही उत्तर का चयन कीजिए:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 3, 4 और 5
C. केवल 1, 2, 4 और 5
D. 1, 2, 3 4 और 5

81.निम्न में से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है?

मौलिक अधिकार		अनुच्छेद
a) सार्वजनिक रोजगार में अवसर की समानता का अधिकार	:	अनुच्छेद 16
b) भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार	:	अनुच्छेद 19
c) शिक्षा का अधिकार	:	अनुच्छेद 21
d) संवैधानिक उपचार का अधिकार	:	अनुच्छेद 32

A. a
B. b
C. c
D. d

82.मौलिक कर्तव्यों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें -

1) मौलिक कर्तव्य तत्कालीन यूएसएसआर के संविधान से प्रेरित है।

2) स्वर्ण सिंह समिति ने मूल कर्तव्यों की सिफारिश की थी।

3) करों का भुगतान करने को मौलिक कर्तव्य के रूप में शामिल किया गया है।

4) मौलिक कर्तव्य कानून की संवैधानिक वैधता की जांच और उन्हें निर्धारित करने में न्यायालयों की सहायता करते हैं।

सही विकल्प चुनें -

A. 1, 2 और 3
B. 1, 2 और 4
C. 2 और 4
D. 2 और 3

83.निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है?

A. अनुसूची 4 - राज्यसभा में सीटों का आवंटन
B. अनुसूची 5 - अनुसूची क्षेत्र और अनुसूचित जनजातियों के लिए प्रावधान
C. अनुसूची 6 - असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम के जनजातीय क्षेत्रों से संबंधित प्रावधान
D. अनुसूची 7 – भाषाएँ

84.निम्नलिखित कथनों पर विचार करें।

1) अनुच्छेद 352 के तहत, राष्ट्रपति राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा कर सकते हैं।

2) राष्ट्रीय आपातकाल को युद्ध, बाह्य आक्रमण या सशस्त्र विद्रोह की वास्तविक घटना से पूर्व भी घोषित किया जा सकता है।

3) राष्ट्रपति शासन का नागरिकों के मौलिक अधिकारों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

4) 1991 के वित्तीय संकट के दौरान, राष्ट्रपति ने वित्तीय आपातकाल लागू किया था।

उपरोक्त कथनों में से कौन सा सही हैं?

A. सभी सही हैं
B. 1, 3 और 4
C. 1, 2 और 3
D. 1 और 3

85.निम्नलिखित का मिलान करें -

1) अनुच्छेद 226	a. संवैधानिक उपचार
2) अनुच्छेद 32	b. हाई कोर्ट की रिट जारी करने की शक्ति
3) अनुच्छेद 44	c. सुप्रीमकोर्ट से परामर्श करने के लिए राष्ट्रपति की शक्ति
4) अनुच्छेद 143	d. यूनिफॉर्म सिविल कोड

सही कूट का चयन करें-

A. 1-a, 2-b, 3-c, 4-d
B. 1-b, 2-a, 3-d, 4-c
C. 1-b, 2-c, 3-d, 4-a
D. 1-c, 2-a, 3-d, 4-b

86.निम्नलिखित कथनों पर विचार करें।

1) 42वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम ने प्रस्तावना में निश्चित संशोधन किए।

2) 52वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम ने मतदान की आयु को 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कर दिया।

3) 34वां संवैधानिक संशोधन अधिनियम भूमि सुधार से संबंधित है।

4) 44वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम ने संपत्ति के मौलिक अधिकार को समाप्त कर दिया।

उपरोक्त में से कौन सा कथन सही है?

A. 1 और 2
B. 3 और 4

C. 1 और 3
D. 1, 3 और 4

87.प्राक्कलन समिति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:

1) राज्य सभा का प्राक्कलन समिति में कोई प्रतिनिधित्व नहीं होता है

2) वित्त मंत्री प्राक्कलन समिति के सदस्य नहीं बन सकते हैं

3) प्राक्कलन समिति के अध्यक्ष की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है

उपरोक्त कथनों में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. उपरोक्त सभी
D. केवल 1 और 3

88.निम्नलिखित संवैधानिक संशोधन अधिनियमों में से किसके तहत मणिपुरी, कोंकणी और नेपाली को 22 आधिकारिक भाषाओं में शामिल किया गया था?

A. 1967 का 21वां संशोधन अधिनियम
B. 1992 का 71वां संशोधन अधिनियम
C. 2003 का 92वां संशोधन अधिनियम
D. इनमें से कोई नहीं

89.निम्नलिखित में से चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS) के संदर्भ में कौन-सा कथन सही है?

A. जनरल बिपिन रावत को भारत के पहले सीडीएस (चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ) के रूप में नियुक्त किया गया।
B. सीडीएस की अनुपस्थिति में, तीन प्रमुखों में से सबसे वरिष्ठ सीओएससी (चीफ्स ऑफ स्टाफ कमेटी) के अध्यक्ष के रूप में कार्य कर सकता हैं।
C. नरेश चंद्र समिति उन समितियों में से एक है जिन्होंने सीडीएस के निर्माण का पक्ष लिया।

D. उपरोक्त सभी।

90.राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (NSA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें?

1) राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (NSA) के पद का निर्माण वर्ष 1998 में किया गया था।

2) अजीत डोभाल वर्तमान एनएसए (NSA) हैं।

उपरोक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

91.उपराष्ट्रपति के चुनाव निर्वाचक मंडल के संबंध में दिए गए कथनों में से कौन-सा सही है?

A. लोकसभा में दो और राज्यसभा में बारह से अधिक सदस्य मनोनीत सदस्य नहीं हो सकते।
B. लोकसभा में तीन और राज्यसभा में ग्यारह से अधिक सदस्य मनोनीत सदस्य नहीं हो सकते।
C. लोकसभा में चार और राज्यसभा में दस से अधिक सदस्य मनोनीत सदस्य नहीं हो सकते।
D. लोकसभा में पांच और राज्यसभा में नौ से अधिक सदस्य मनोनीत सदस्य नहीं हो सकते।

92.चुनाव के दौरान उपयोग किए जाने वाले "उपरोक्त में से कोई नहीं" (NOTA) विकल्प के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1) यदि NOTA को बहुमत मिलता है तो निर्वाचन क्षेत्र में फिर से चुनाव होता है।

2) NOTA की शुरुआत से पहले, नकारात्मक वोट डालने का कोई प्रावधान नहीं था।

3) NOTA का विकल्प केवल लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनावों के लिए उपलब्ध है।

ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही नहीं है?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. उपरोक्त सभी

93.निजता के अधिकार के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1) यह जीवन और स्वतंत्रता के अधिकार का आंतरिक हिस्सा है।

2) यह एक स्वाभाविक अधिकार है।

ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. दोनों 1 और 2
D. इनमे से कोई नहीं

94.बताए गए डीपीएसपी में से कौन गांधीवादी सिद्धांतों से संबंधित है?

1) छह वर्ष की आयु पूरी होने तक सभी बच्चों को बचपन की देखभाल और शिक्षा प्रदान करें

2) ग्रामीण क्षेत्रों में एक व्यक्ति या सहकारिता के आधार पर कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देना

3) नशीले पेय और दवाओं के सेवन पर रोक लगाएं जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं

4) गरीबों को समान न्याय और मुफ्त कानूनी सहायता को बढ़ावा देना

5) गायों, बछड़ों और अन्य दुधारू पशुओं को रोकना और मवेशियों को पालना और उनकी नस्लों में सुधार करना

नीचे दिए गए सही कूट का चयन करें:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. 1, 3 और 4

D. 2, 3 और 5

95.पेसा (**PESA**) अधिनियम, 1996 के संबंध में दिए गए कथनों में से कौन कथन सही हैं / हैं?

1) इसका उद्देश्य सभी गतिविधियों को ग्राम सभा केंद्रित बनाना है।

2) इसका उद्देश्य आदिवासियों के रीति-रिवाजों को सुरक्षित और संरक्षित करना है।

3) केवल 2 राज्यों ने PESA प्रावधानों के अनुरूप कानून बनाया है।

4) यह अनुसूचित क्षेत्रों वाले नौ राज्यों पर लागू है।

नीचे दिए गए सही कूट का चयन करें:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. 1, 2 और 3
D. 1, 2, 3 और 4

96.पहली पंचवर्षीय योजना (1951 – 1956) का प्रारूप किसने तैयार किया था?

A. पी. सी. महालनबीस
B. के. एन. राज
C. जे. सी. कुमारप्पा
D. जवाहरलाल नेहरु

97.लोकपाल संस्था के सृजन की अनुशंसा सर्वप्रथम किसके द्वारा की गई थी?

A. विधि आयोग
B. संथानम समिति
C. शाह आयोग
D. प्रशासनिक सुधार आयोग

98.लोकपाल के संदर्भ में निम्न में से कौन सा कथन गलत है?

A. लोकपाल में एक अध्यक्ष और अधिकतम 8 सदस्य होते हैं
B. केवल भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश को इसका अध्यक्ष नियुक्त किया जा सकता है
C. कुल सदस्यों का 50% एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक और महिलाएं होनी चाहिए
D. इसके 50% सदस्य न्यायिक सदस्य होंगे

99.भारत में वित्तीय आपातकाल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:

1) वित्तीय आपातकाल को जब एक बार अनुमोदित कर दिया जाता है, तो यह अनिश्चित काल के लिए लागू रहता है जब तक कि इसे रद्द न किया जाए।

2) वित्तीय आपातकाल की घोषणा को मंजूरी देने के लिए संसद के दोनों सदनों में विशेष बहुमत की आवश्यकता होती है।

उपरोक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2
D. इनमें से कोई नहीं

100.निम्न में से कौन भारत के राष्ट्रपति को निर्वाचित करता है?

1) राज्यसभा और लोकसभा के निर्वाचित सदस्य

2) राज्यों की विधानसभाओं के निर्वाचित सदस्य

3) दिल्ली और पुडुचेरी की विधानसभाओं के निर्वाचित सदस्य

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन करें:

A. केवल 1 और 2
B. 1, 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. केवल 1